JALAUN POLICE

दिनांक – 30.06.2026

थाना कदौरा पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 शातिर चोर को चोरी के 6,400/- रूपये के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया ।

अवगत कराना है कि दिनांक 21.06.2026 को थाना कदौरा में वादी विमल सिंह द्वारा तहीरीर सूचना दी गयी कि अज्ञात चोरों द्वारा वादी के घर व गांव के देवनारायण के घर से नगदी व जेवरात चोरी कर लिया गया है । जिसके संबन्ध में थाना कदौरा में मु0अ0सं0 81/2026 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत हुआ था ।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 30.06.2026 को थाना कदौरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में चैकिंग के दौरान सटीक सूचना पर चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्त नीलेश राजपूत पुत्र सुरेन्द्र कुमार नि0 ग्राम महेरा थाना विवार जनपद हमीरपुर को चोरी के 6,400/- रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया ।

पूछताछ का विवरण- पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि योजना के तहत दिनांक 20/21.06.2026 की रात्रि को अपने साथियों के साथ कार लेकर ग्राम बसरेही में 02 घरों में चोरी की थी । चोरी की गयी धनराशि से मुझे 10,000/- रूपये मिले थे जिसमें से कुछ रूपये खर्च हो गये थे बाकी के रूपये आप लोगो ने बरामद कर लिये हैं ।

अभियुक्त का विवरण-

1. नीलेश राजपूत पुत्र सुरेन्द्र कुमार उम्र करीब 29 वर्ष नि0 ग्राम महेरा थाना विवार जनपद हमीरपुर

बरामदगी का विवरण-

1. 6400/- रूपये चोरी के

पुलिस टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष कदौरा मय पुलिस टीम ।